बेखौफ ▶ युवाओं में स्टंट बाइक का बढ़ता क्रेज, सड़कों पर बेलगाम रफ्तार

# चेकिंग के बावजूद बिना नंबर प्लेट दौड़ रहे वाहन



लिंक रोड पर स्टंट बाइक से रेस लगाते युवा




**नवभारत, जबलपुर।** शहर में यातायात एवं थानों की पुलिस द्वारा लगातार चेकिंग अभियान चलाए जाने के बावजूद बिना नंबर प्लेट और अधूरे नंबर वाले वाहन सड़कों पर बेखौफ दौड़ते नजर आ रहे हैं। खासतौर पर स्पोर्ट्स और स्टंट बाइक चला रहे युवा नियमों की खुलेआम अनदेखी कर रहे हैं।

यातायात पुलिस हेलमेट, सीट बेल्ट, लाइसेंस और वाहन दस्तावेजों की जांच कर चालानी कार्रवाई कर रही है, लेकिन इसके बाद भी कई दोपहिया वाहन बिना नंबर प्लेट के शहर की मुख्य सड़कों से लेकर संकरी गलियों तक तेज रफ्तार में दौड़ रहे हैं। इससे दुर्घटनाओं की आशंका लगातार बढ़ रही है।

### नाबालिग भी दौड़ा रहे तेज रफ्तार बाइक

शहर में 15 से 21 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं द्वारा तेज रफ्तार वाहन चलाने की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। कई मामलों में वाहन चालकों के पास न तो वैध लाइसेंस है और न ही वाहनों पर स्पष्ट नंबर अंकित हैं, जिससे उनकी पहचान करना मुश्किल हो जाता है। नागरिकों कहना है कि यदि ऐसे वाहन चालकों पर सख्त कार्रवाई नहीं की गई तो आने वाले समय में स्थिति और गंभीर हो सकती है।

### दोनों इंडिकेटर जलाकर चलाना बना ट्रेंड

युवाओं में दोनों इंडिकेटर एक साथ जलाकर वाहन चलाने का चलन भी बढ़ गया है। यह 'फैशन' न केवल यातायात नियमों का उल्लंघन है, बल्कि अन्य वाहन चालकों के लिए भ्रम की स्थिति पैदा करता है। ऐसे में अचानक मुड़ने से हादसे की संभावना और अधिक बढ़ जाती है।

### इनका कहना है

चेकिंग के दौरान ऐसे बाइक सवार चालकों पर कार्यवाही की जाती है, इसके अलावा सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी मिलने और स्पॉट पर भी कहीं ऐसे युवा स्टंट करते या तेज स्पीड में वाहन चलाते हुए निकलते हैं तो उन पर कार्यवाही की जा रही है।

**अंजना तिवारी**
**अति पुलिस अधीक्षक**
**यातायात**

## बेकाबू कार ने गाय को कुचला

**जबलपुर।** बरगी थाना अंतर्गत नेशनल हाईवे 34 जबलपुर-नागपुर रोड पर मोहास तिराहे के पास एक तेज रफ्तार कार की टक्कर से एक गाय उछलकर बाइक सवार किसान से जा टकराई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।जानकारी अनुसार ग्राम पारा निवासी 54 वर्षीय किसान शिवकुमार पटैल ने पुलिस को बताया कि वह जबलपुर से काम निपटाकर अपनी मोटरसाइकिल से वापस गांव लौट रहा था। जैसे ही वह मोहास तिराहे के पास पहुंचा, पीछे से आ रही कार क्रमांक केएल 50 एम ई 0288 के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए सड़क पर जा रही एक गाय को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि गाय उछलकर सीधे शिवकुमार की मोटरसाइकिल से जा टकराई। संतुलन बिगड़ने के कारण शिवकुमार सड़क पर गिर पड़े और उन्हें काफी चोटें आईं। घटना के बाद पीछे से आ रहे दीपक चौकसे और पास की दुकान पर मौजूद एक व्यक्ति ने उठाया। एक्सीडेंट करने वाली कार चालक कुछ देर रुकने के बाद बरगी की ओर फरार हो गया। घायल किसान ने अपने बेटे संदीप पटैल को फोन कर मौके पर बुलाया, जिसके बाद उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया।

# प्रेमी ने दिया धोखा तो किशोरी ने कर ली थी खुदकुशी

### शादी से इंकार कर आत्महत्या के लिए उकसाने वाले आरोपी युवक पर मामला दर्ज



**जबलपुर।** घमापुर थाना अंतर्गत एक 17 वर्षीय किशोरी द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने के मामले में पुलिस ने जांच के बाद आरोपी युवक के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज कर लिया है। जांच में यह बात सामने आई कि मृतिका और आरोपी के बीच में प्रेम संबंध थे। युवक ने शादी से इन्कार कर दिया था प्रेमी से मिले धोखे के चलते मृतिका ने यह आत्मघाती कदम उठाया था।

विदित हो कि 17 दिसंबर 2025 को घमापुर निवासी 23 वर्षीय युवक ने सूचना दी थी कि उसकी छोटी बहन ने घर के अंदर फांसी लगा आत्महत्या कर है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया था। इस मामले में पुलिस जांच के तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर आरोपी हर्ष उर्फ मोंटू सकतेल के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर विस्तृत विवेचना कर रही है। जांच में पाया गया कि आरोपी ने युवती को प्रेमजाल में फंसाने के बाद शादी का झांसा दिया था। लेकिन बाद में उसने धोखा दे दिया था। जिसके बाद से युवती परेशान रहने लगी थी और आरोपी के उकसाने पर उसने फांसी लगाकर जीवन लीला समाप्त कर थी।

### इंस्टाग्राम पर हुई थी दोस्ती

मर्ग के दौरान पुलिस ने मृतिका के परिजनों के बयान दर्ज किए तो चौंकाने वाला खुलासा हुआ। परिजनों ने बताया कि किशोरी की दोस्ती इंस्टाग्राम के माध्यम से हर्ष उर्फ मोंटू सकतेल (19) से हुई थी। दोनों के बीच मोबाइल पर बातचीत होती थी और हर्ष ने किशोरी से शादी का वादा किया था। दोनों एक ही जाति के होने के कारण परिजन भी शादी के लिए राजी भी थे।

### प्रेमी वादे से मुकरा तो तनाव में थी

जांच में सामने आया कि 16 दिसंबर की शाम 6 बजे से रात 11 बजे तक दोनों के बीच बातचीत हुई, जिसमें हर्ष उर्फ मोंटू ने शादी करने से साफ इंकार कर दिया। शादी से मना किए जाने के कारण किशोरी मानसिक तनाव और व्यथा में थी। इसी से दुखी होकर 17 दिसंबर की सुबह लगभग 9 बजे उसने फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली थी।

# आदिवासी संस्कृति बचाओ यात्रा का प्रथम चरण पूरा



**नवभारत,जबलपुर।** आदिवासी संस्कृति बचाओ यात्रा का प्रथम चरण 15 फरवरी 2026 को संपन्न हुआ। यात्रा का शुभारंभ पूर्व मंत्री कौशल्या गोटिया के निज निवास से हुआ। यह यात्रा अधारताल मैन रोड, भगवान बिरसा मुंडा तिराहा, रद्दी चौकी, मंडी मदार टेकरी, घमापुर, अंबेडकर चौक होते हुए अमर शहीद राजा रघुनाथ शाह एवं शंकर शाह जी की प्रतिमा स्थल पर समाप्त हुई। पूर्व मंत्री कौशल्या गोटिया ने आदिवासी संस्कृति संरक्षण के लिए व्यापक जनजागरण की आवश्यकता पर बल दिया।यात्रा का दूसरा चरण 21 फरवरी 2026 से प्रारंभ होगा। बैठक में 24 फरवरी को संत शिरोमणि माता शबरी प्रकोत्सव (शबरी जयंती) मनाने पर चर्चा हुई, जिसे संगठन द्वारा मनाया जाएगा। यात्रा में रोशनलाल कोल, मोतीलाल गोटिया, शिव गोटिया, राजकुमार गोटिया, ख्याली सिंह, संतोष गोटिया, अशोक गोटिया, जित्तू गोटिया, धर्मेंद्र गोटिया, बलबीर गोटिया, सुजीत भूमिया, मनीराम कोल, शिवचरण गौड़, अजीत पटेल, अनिल गोटिया, रामनरेश गोटिया, श्यामलाल गोटिया, गेंदा लाल ठाकुर, शिवचरण टेकाम, अभिषेक कोल, कमलेश कोल, नीरज रवि गोटिया सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# लंबित पेंशन प्रकरणों को लेकर कर्मचारी संघ का विरोध

### 7 दिन में निराकरण नहीं तो घेराव की चेतावनी



**नवभारत,जबलपुर।** मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ ने लंबित पेंशन प्रकरणों को लेकर कड़ा रुख अपनाया है। संघ के जिला अध्यक्ष अटल उपाध्याय ने बताया कि पेंशन कार्यालय से कर्मचारियों को जानकारी दी जा रही है कि मार्च माह से सेवानिवृत्त कर्मचारियों के पी.पी.ओ. भोपाल से जारी किए जाएंगे। लोक निर्माण विभाग के संभागीय कार्यालयों में कार्यभारित स्थापना के समयपाल, चौकीदार, माली एवं वाहन चालकों के पेंशन प्रकरण असिस्टेंट डिस्ट्रिक्ट पेंशन अधिकारी मधु शर्मा के पास लंबित बताए गए हैं। विभागीय कार्यालयों से प्रकरण ऑनलाइन भेजने की जानकारी दी जा रही है, जबकि पेंशन कार्यालय द्वारा प्रकरण जमा करने से ही इनकार किए जाने की शिकायत है। कई सेवानिवृत्त कर्मचारियों व मृत कर्मचारियों के परिजनों को पिछले 5-6 महीनों से पेंशन नहीं मिलने की बात सामने आई है। सेवा पुस्तिका और कंप्यूटर में जन्मतिथि त्रुटि के कारण भी भुगतान अटका है। संघ का आरोप है कि आपत्तियों के नाम पर पी.पी.ओ. जारी नहीं किए जा रहे। संघ के अटल उपाध्याय, देवेंद्र पचौरी, आलोक अग्निहोत्री, प्रशांत सौंधिया, वीरेंद्र चंदेल, एस.पी. बाथरे, अरुण पटेल, अर्जुन सोमवंशी, रवि बांगड़, राजाराम डेहरिया, वीरेंद्र तिवारी, अंकित चौरसिया, शैलेन्द्र दुबे, परशुराम तिवारी, शैलेश गौतम, विनय नामदेव, सुशील गुप्ता, सतीश देशमुख, झारिया, महेंद्र पटेल एवं रविंद्र राय ने लंबित प्रकरणों में तत्काल पी.पी.ओ. जारी करने की मांग की है। संघ ने चेतावनी दी है कि सात दिवस के भीतर निराकरण नहीं हुआ तो कार्यालय का घेराव कर प्रदर्शन किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी पेंशन अधिकारी की होगी।

# बालिका से छेड़छाड़ करने वाले कुख्यात बदमाश की पुलिस ने निकाली हेकड़ी

### जहां था आतंक, वहां पैदल घुमाकर निकाला जुलूस कान पकड़कर मांगी माफी



**जबलपुर।** रांझी थाना अंतर्गत झंडा चौकी में बालिका से छेड़छाड़ करने वाले कुख्यात बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसकी हेकड़ी निकाली। इसके साथ ही उसका जहां आतंक था वहां उसे पैदल घुमाकर जुलूस भी निकाला। इस दौरान बदमाश कान पकड़कर माफी मांगते नजर आया।

टीआई उमेश गोल्हानी ने बताया कि पुरानी बस्ती झंडा चौक निवासी 15 वर्षीय बालिका ने तीन दिवस पहले रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि रात्रि करीब एक बजे जब वह वॉशरूम के लिए उठी थी तभी दो लड़के ताक झाक करके छेड़खानी किया रिपोर्ट पर छेड़खानी एवं पॉक्सो एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया। छेड़छाड़ के आरोपी गगन बिरहा और दूसरा शुभम बिरहा थे। जिसमें से गगन बिरहा थाना रांझी का गुंडा निगरानी बदमाश है जिसको तत्काल ही घेराबंदी करके पुरानी बस्ती से ही पकड़ा गया आरोपी को गिरफ्तार करके न्यायालय में प्रस्तुत किया जा रहा है आरोपी का जिस क्षेत्र में आतंक है क्षेत्र में पैदल घुमाया गया छेड़खानी करने वाले आरोपी के खिलाफ जिला बदर की कार्रवाई प्रक्रिया में है। आरोपी गगन के खिलाफ थाना रांझी में दो दर्जन, बेलबाग, हनुमानताल, घमापुर में भी कई अपराध दर्ज है।

# मनचले ने की छेड़छाड़, विरोध करने पर छात्रा के परिजनों को पीटा



**जबलपुर।** हनुमानताल थाना क्षेत्र में एक नाबालिग छात्रा के साथ मनचले ने छेड़छाड़ कर कर दी। जब उसने विरोध किया तो उसके परिजनों के साथ मारपीट कर दी। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपित के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक 17 वर्षीय किशोरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वे अधारताल स्थित निजी स्कूल में पढ़ती है। पड़ोस में रहने वाला फरहान नाम का युवक उसे लंबे समय से परेशान कर रहा था। जब वे घर जा रही थी तभी आरोपी फरहान ने सरेराह बुरी नीयत से उसका पीछा किया। घर के पास उसने छात्रा को जबरन एक मोबाइल सिम थमाते हुए बात करने का दबाव बनाया। जब छात्रा ने मना किया, तो आरोपी ने उसे और उसके पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी। डरी सहमी छात्रा ने घर पहुंचकर परिजनों को जानकारी दी। जब उसके पिता चाचा और अन्य परिजन समझाने के लिए फरहान के घर पहुंचे, तो आरोपी ने उनके साथ विवाद शुरू कर दिया विवाद इतना बढ़ा कि आरोपी ने छात्रा के पिता और चाचा के साथ जमकर मारपीट की। घटना के बाद पीड़िता काफी डरी हुई थी। बाद में वे माँ के साथ थाने पहुंची और पुलिस को आपबीती सुनाई। जिसके बाद हनुमानताल पुलिस ने छात्रा की शिकायत पर आरोपी फरहान के खिलाफ पाक्सो, छेड़छाड़, धमकी और मारपीट समेत अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है।

## बाथरूम में गिरे युवक की मौत

**जबलपुर।** भेड़ाघाट थाना अंतर्गत बिलखरवा में रहने वाले एक युवक की बाथरूम में गिरने से आई चोट से मेडिकल कॉलेज में मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक रविवार को नीरज पटेल (37) निवासी बिलखरवा ने सूचना दी कि 13 फरवरी की सुबह लगभग 6 बजे उसके बड़े पापा रतन पटेल के बेटे इंद्रपाल पटेल (45)बाथरूम में गिर गए थे जिससेउ उनके सिर में गंभीर चोटें आ गई थी। परिजन उन्हें उपचार के लिए निजी अस्पताल ले गए थे इसके बाद नागपुर ले गए थे वहां भी उपचार में सुधार न होने पर इंद्रपाल को वापिस जबलपुर लाकर मेडिकल में भर्ती कराया जहां रात्रि 1:15 बजे उसकी मौत हो गई।

## शराब तस्कर को पुलिस ने दबोचा

**जबलपुर।** पनागर पुलिस ने शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है जिसके कब्जे से पांच लीटर कच्ची शराब जब्त की गई। पुलिस ने बताया कि अभिमन्यू चौक के पास घेराबंदी कर बिना नम्बर की एक्सिस से आ रहे नित्तू उर्फनीतेश यादव 22 वर्ष निवासी बिसेंधी को पकड़ा गया। एक्सिस के पैरदान के पास रखी प्लास्टिक की जरीकेन में को चैक करने पर लगभग 5 लीटर कच्ची शराब भरी मिली। आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया।

# महाशिवरात्रि का मेला घूमने निकले युवक पर धारदार हथियार से हमला, पथराव

**जबलपुर।** गोरखपुर थाना अंतर्गत गुप्तेश्वर मंदिर में महाशिवरात्रि का मेला घूमने गए युवक पर बदमाशों ने धारदार हथियार से हमला करते हुए पथराव कर दिया।

पुलिस के मुताबिक रविवार शाम सुजल चौधरी उर्फ दीपक अहिरवार 18 वर्ष निवासी हाथीताल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि रविवार दोपहर महाशिवरात्रि का मेला घूमने अपने भाई वरूण के साथ गुप्तेश्वर मंदिर के सामने आया था दोपहर लगभग 3-30 बजे गुप्तेश्वर निवासी नितेश केशरवानी उर्फलल्ली, सौयम सोनकर तथा अनुराग गुप्ता मिले जो उसके भाई वरूण से मेला घूमने के लिये रूपये मांगने लगे, उसने विरोध किया तो मारपीट करने लगे नितेश केशरवानी ने धारदार हथियार से हमला कर चोट पहुंचा दी। सोनकर एवं अनुराग गुप्ता ने ने ईंट से हमलाकर सिर में चोट पहुंचा दी।


## युवक ने लगाई फांसी

**जबलपुर।** रांझी थाना अंतर्गत कोलियाना मोहल्ला (मढ़ई) में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, मढ़ई स्थित कोलियाना मोहल्ला में निवासी विजय कोल (35) का शराब पीने का अत्यधिक आदी था और अक्सर नशे में रहता था। जिसने अज्ञात कारणों के चलते कमरे में फांसी लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली।युवक ने यह आत्मघाती कदम किन परिस्थितियों में उठाया, इसकी विस्तृत जांच की जा रही है।

# शोभापुर में भूमाफियाओं का आतंक

### आखिर किसकी अनुमति से खोद रहे पहाड़



**जबलपुर, नवभारत।** शहर के हृदयस्थल शोभापुर में भू माफियाओं का आतंक रोज़ देखने को मिल रहा है शोभापुर कि पहाड़ी मै सैकड़ों की तादात में वृक्ष और मुरम बिना अनुमति के बेचे जा रहे हैं जहां एक तरफ मुख्यमंत्री करोड़ों रूपये खर्च करके वृक्षारोपण को बढ़ावा दे रहे हैं वहीं दूसरी तरफ भू माफियाओं मुरम और वृक्षों की कटाई खुलेआम कर रहे हैं और न इसकी खबर लेना माइनिंग विभाग ने जरूरी समझा और न ही किसी और ना ही प्रशासन ने क्या इस भूमाफिया को माइनिंग विभाग द्वारा पहाड़ खोदने और वृक्ष काटने की अनुमति दी गई हैं करोड़ों रूपये की मुरम बेचकर भूमाफियाओं द्वारा विभाग को चुना लगाया जा रहा हैं। इस सब से आमजन परेशान हैं जहां बच्चों की परीक्षा सर पर हैं वहीं भूमाफिया द्वारा पोकलेन मशीन लगाकर पत्थरों को तोड़ा जा रहा हैं और डंपरों से उससे बेचा जा रहा हैं शहर के बीचोंबीच चल रहे इस कार्य पर न ही अधिकारियों की नजर हैं न ही प्रशासन के किसी अधिकारी की यह इस बात का संकेत करती हैं कि प्रशासन द्वारा ही भूमाफियाओं को क्या संरक्षण प्राप्त हैं। आने वाले दिनों में अगर इस कार्य को नहीं रोक गया तो क्षेत्रीय जनता मुख्यमंत्री से शिकायत करेगी।

# घर पर बम फेंकने की फिराक में था बदमाश

### बमों के साथ युवक और किशोर गिरफ्तार

**जबलपुर।** रांझी पुलिस ने देर रात सुअरमार बम के साथ एक युवक और एक किशोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से दो जिंदा सुअरमार बम बरामद किए हैं।

टीआई उमेश गोल्हानी ने बताया कि सूचना मिली थी कि मानेगांव तालाब सामुदायिक भवन के पास एक युवक किसी के घर पर बम फेंकने की योजना बना रहा है। पुलिस ने तत्काल घेराबंदी कर अभिषेक स्वामी उर्फ अभी (21) निवासी विकासनगर को दबोच लिया। तलाशी लेने पर उसकी जेब से एक सुअरमार बम बरामद हुआ। एक अन्य सूचना पर पुलिस ने मड़ई तिराहा क्षेत्र में दबिश दी। यहाँ एक 17 वर्षीय किशोर को संदिग्ध अवस्था में पकड़ा गया।

किशोर की तलाशी लेने पर उसके पास से भी एक सुअरमार बम मिला, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है। पुलिस ने आरोपी अभिषेक स्वामी और अपचारी बालक के खिलाफ विस्फोटक अधिनियम की धारा 5 के तहत अलग-अलग मामले दर्ज किए हैं।

नवाचार ▶ जैविक हाट में बड़ी संख्या में पहुंचे खरीददार

# फल-फूल, सब्जियों और प्राकृतिक उत्पादों में बढ़ी खरीदी



**नवभारत,जबलपुर।** जिला प्रशासन और कृषि विभाग द्वारा कृषि उपज मंडी में हर रविवार आयोजित जैविक हाट में इस रविवार भी बड़ी संख्या में खरीदार पहुंचे। स्थानीय जनता में जैविक उत्पादों के प्रति जागरूकता बढ़ने से हाट का रौनक लगातार बढ़ रही है। इस हाट में जिले के लगभग 35 जैविक किसान शामिल हुए। उन्होंने जैविक अनाज, दलहन, गिर गाय का दूध, बिलौना घी, साग-सब्जी, पिंक मूली, फल और कोल्ड-प्रेस्ड तेल सहित कई प्राकृतिक उत्पाद बेचे।

### ये रहे प्रमुख आकर्षण

प्रेमधारा गिर गौशाला के तन्मय दास के जैविक खाद और बिनौला दूध, के पी सिंह के रेड डायमंड अमरूद और स्ट्रॉबेरी, ठाकुर विनय सिंह के मिर्च पाउडर व देशी घी, भाग्योदय तेल मिल के तिल और बादाम का तेल, तथा विश्वकर्मा नर्मदा प्रसाद जैविक मार्ट के मटर, लौकी और शहद हाट के आकर्षण रहे।

### संयुक्त संचालक ने किया निरीक्षण

जैविक हाट का निरीक्षण संयुक्त संचालक कृषि एस. के. नेताम और उप-संचालक कृषि डॉ. एस. के. निगम ने किया। अनुविभागीय कृषि अधिकारी व जैविक प्रमाणन निरीक्षक डॉ. इंदिरा त्रिपाठी के नेतृत्व में विकासखंड शहपुरा के कृषि अधिकारियों ने हाट का सफल आयोजन सुनिश्चित किया।

# सड़क हादसों में सात घायल

जबलपुर। शहर एवं ग्रामीण अंचल में हुए सड़क हादसों में सात लोग घायल हो गए जिन्हें तत्काल उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। शहपुरा पुलिस ने बताया कि देवा सिंह ठाकुर 30 वर्ष निवासी ग्राम झामर थाना ठेमी जिला नरसिंहपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि डोभी बरगी के बीच मेन रोड में अज्ञात वाहन के चालक नेमोटर सायकल में टक्कर मार दी जिससे उसके साले शिवराज सिंह को चोट आ गई। इसी प्रकार बरेला थाने में अरूण यादव 28 वर्ष निवासी शंकर नगर माढ़ोताल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि हाईवे रोड कलबोडी मोड़ के पास बाइक क्रमांक एमपी 20 जेड एन 2801 के चालक ने दोस्त आजाद ठाकुर की मोटर सायकल में टक्कर मार दिया जिससे आजाद ठाकुर एवं कुलदीप पटेल को चोट आ गई। इ सी प्रकार कटंगी थाने में नरेन्द्र कुमार सोनी निवासी बरौदा चौराहा पनागर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि कुण्डा नाला शमशान घाट के पास रोड पर वैन क्रमांक एमपी 20 बीए 4827 के चालक ने मोहित सोनी, सुनील विश्वकर्मा एवं अजय चौधरी को पीछे से टक्कर मार दिया जिससे तीनों को चोटें आ गई। इसी प्रकार गोरखपुर थाने में श्रीमति रेखा उइके 18 वर्ष निवासी सेठीनगर गोरखपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि डीआईजी आफिस के सामने कार क्रमांक एमपी 20 सीएम 6775 के चालक ने उसे टक्कर मार दी जिससे उसे चोटें आ गई।